प्रशासक {अध्यक्ष} :- अच्छा, ऑनरेबिल मेम्बर जो आपको करवाना है, जो जैसे आप करवाना चाहते हैं, हम वहाँ पर इंजीनियर साहब को भेजेंगे, आप उनको तकलीफ का बताओ क्या करवाना चाहते हैं, वो हो जाएगा । ठीक है । अच्छा इसके अलावा आपके दो तीन पोइंट पहले थे, एक तो आपने बोला साइकिल के बारे में, आपको कितने साइकिल और चाहिए ।

श्री तम्बोला, सदस्य प्र.प. :- सबके लिए ।

प्रशासक {अध्यक्ष} :- सबके लिए कितने ? हर एक के लिए एक एक ।

श्री तम्बोला, सदस्य प्र.प. :- सबके लिए हमें चाहिए

प्रशासक {अध्यक्ष} :- तो कितने, कोई बात नहीं है, कोई बात नहीं है आपको कितने, आपके वहाँ पार 76 फेमिलीस है, 76 है न तो आपको कितने साइकिल चाहिए ?

श्री तम्बोला, सदस्य प्र.प. :- पता नहीं हमको टोटल नहीं जानता है {मिला जुला स्वर में हँसी }

प्रशासक {अध्यक्ष} :- अच्छा तो ऐसा है शुरू में हम आपको वहाँ पर दस साइकिल भेजते हैं ।

श्री तम्बोला, सदस्य प्र.प. :- नहीं, नहीं, साहब, पहले पहले तो एक साइकिल भेजा गया, इसीलिए तो

प्रशासक {अध्यक्ष} :- न, न, आपे उनको पहले सिखलाई तो करो ।

श्री तम्बोला, सदस्य प्र.प. :- सब सीख गया, साहब ।

कोई सदस्य :- सीख गया एक साथ

प्रशासक {अध्यक्ष} :- ओ.के., ठीक है, पहले दस भेजेंगे । जब वो दस आप फैसला करो किस किस को जाएगा, फिर उसके बाद और भेजेंगे, ठीक है । तो दस साइकिल हम आपको भेजने का बन्दोबस्त पहले करेंगे । दूसरा है, आपने बोला, वहाँ पर एक वाटर का पानी का तालाब है, उसमें गन्दगी पैदा होती है, ठीक है । उसको जब इंजीनियर साहब हमारे आते हैं, तो उनको बताना है, वो कौन सी जगह है, ताकि उसको ठीक किया जाए । ठीक है, वो हो जाएगा, कोई घबराने की बात नहीं है । और आपने बोला है कि जहाज के अन्दर जाने के लिए आपको जगह नहीं मिलती हैं, इस के बारे में हम हुक्म देंगे कि जहाँ पर भी हमारे ओंगी जाना चाहें, उनको सबसे पहले इजाजत मिलेगी जाने के लिए बाकी का वेट कर सकता है । ठीक है । अभी ठीक है यह तीनों बातें ?

(C-400)—23-7-80—50,000 Pads.